Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 19-02-2022 | अंक 146

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## प्रत्येक एकल विद्यालय ग्राम में होगा श्री हरि कथा कार्यक्रम, बैठक में बनी कार्यक्रम की रुप रेखा

### एकल अभियान बरही अंचल कमेटी की बैठक,चौपारण एवं पदमा को स्वालम्बी संच बनाने पर जोर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

एकल अभियान श्री हरि कथा योजना को एकल ग्राम तक विस्तारित करने को लेकर एकल अभियान बरही अंचल कमेटी की बैठक धोबी टोला स्थित अंचल कार्यालय में हुई। अध्यक्षता अंचल अध्यक्ष दयानंद चौरसिया एवं संच. ालन सचिव कृष्णा प्रजापति ने किया। बैठक में श्री हरि कथा एवं एकल विद्यालय को स्वालम्बी बनाने पर विचार विमर्श किया गया। एकल अभियान बरही अंचल के नव नियुक्त ब्यास सुनील कुमार ने हरी कथा योजना की विस्तृत जानक. ारी देते हुए कहा कि श्री हरि कथा के माध्यम से मानव में चरित्र निर्माण किया जाएगा। मानव में जितनी विकृतियां हैं, जितनी गलत धारणाएं है। मानव में जितनी सामाजिक कुरुतियाँ है। इन सभी का एक मात्र समाधान है श्री हरि कथा। श्री हरि कथा के माध्यम से सभी एकल ग्राम में हरी कथा की योजना है। इसके लिए समिति को अपनी दायित्व का निर्वहन करना होगा। निर्णय लिया गया कि स्थानीय स्तर पर श्री हरि कथा योजना के लिए प्रबुद्धजनों एवं धर्म प्रेमियों तथा सनातन धर्मावलंबियों से धन राशि एकत्रित की जाएगी। इसके लिए बैठक में श्री हरि कथा योजना के संयोजक प्रो हिरामन साहू को बनाया गया। वही भाग अभियान प्रमुख



बरही अंचल कार्यालय में बैठक करते एकल अभियान से जुड़े लोग

ओम प्रकाश यादव ने बताया कि बरही अंचल से चौपारण एवं पदमा को मार्च अंत तक स्वालम्बी संच बनाने का लक्ष्य केंद्रीय विभाग से दिया गया है। इसके लिए कोष एकत्रित करने की जिम्मेवारी अध्यक्ष दयानंद चौरसिया एवं कोषध्यक्ष मनोज केशरी को दिया गया। शिवरात्रि के दिन तीन दिवसीय श्री हरि कथा का आयोजन करने पर भी जोर दिया गया। मौके पर दयानंद चौरसिया, हिरामन साहू, कृष्णा प्रजा. पति, ब्यास सुनील कुमार, सुरेश प्रसाद, प्रकाश प्रसाद, ओम प्रकाश कुमार, संदीप चंद्रवंशी, शिला देवी, कपिल महतो, मनोज कुमार, रामचन्द्र पंडित सहित कई लोग मौजूद थे।

## नहाने के क्रम में तिलैया डैम में डूबा युवक, देर शाम तक खोजबीन जारी

### मामा के घर शादी समारोह में भाग लेने आया था बंटी



**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**

चंदवारा थाना क्षेत्र के जामुखाण्डी के निकट झील रेस्टुरेंट के पीछे तिलैया डैम में नहाने के क्रम में एक युवक डूब गया।मिली जानकारी के अनुसार हजारीबाग जिला के इचाक थाना क्षेत्र के खेराकर्मा गांव निवासी बन्टी कुमार दास उर्फ विशाल दास उम्र लगभग 15 वर्ष पिता राजू दास अपने नाना रामेश्वर रविदास के घर मामा की वैवा. हिक समारोह में शामिल होने आया था। इसी बीच अपने दो दोस्त राहुल दास व मिथलेश कुमार के साथ दोपहर करीब 12 बजे डैम में नहाने गया। इसी बीच बन्टी कुमार दास उर्फ विशाल दास गहरी पानी में डूबने लगा। जिसे देख उनके साथी हल्ला करने लगे। हल्ला सुनकर गांव के लोग डैम के निकट पहुंचे और पुलिस को सूचना दिया। सूचना पाकर माईका इंस्पेक्टर अवधेश सिंह, थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह व अंचला. धिकारी रामरतन वर्णवाल घटना स्थल पर पहुंचे व स्थानीय मछुआरों के मदद से युवक की खोजबीन शुरू किया। लेकिन देर शाम तक मछुआरों को सफलता नहीं मिल पाई थी। इधर युवक की डैम में डूबने कि खबर पाकर बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी लिया। उन्होंने प्रशासन से युवक की खोजबीन करने में तेजी लाने की अपील किया। मौके पर मुखिया प्रति. निधि बीरेंद्र पासवान, युवा समाज सेवी कृष्णा यादव, पंचायत समिति सदस्य मनोज पासवान , शितल यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## कोल्हुआकला में चल रहे महायज्ञ के समापन पर दोगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन




**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम कोल्हुआकला में श्री श्री 108 श्री दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा शतचंडी महायज्ञ सह रुद्र यज्ञ के समाप्ति पर आयोजित दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त बिहार में रहे मंत्री सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव समेत अन्य समाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्त्ताओ के साथ फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि दोगोला जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम ऐसे आयोजन पर बहुत ही महत्वपूर्ण है, इससे आपसी एकता एवं सद्भावना बनती है। उन्होंने कहा कि गीत संगीत सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत है और इसे बचाए रखने की जरूरत है। कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम करने से लोगों का मनोरंजन बढ़ता है, साथ ही साथ वातावरण शुद्ध रहता है। वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि दुगोला में गीत संगीत के माध्यम से लोक संगीत की परंपरा कायम रहती है। इससे सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव, मुखिया प्रतिनिधि टे. कलाल यादव, विजय यादव, भाजपा नेता एवं पंसस प्रति. निधि मणिलाल यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी मंगलदेव यादव, भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष बंधन यादव,राष्ट्रीय यादव सेना के विनोद यादव, राष्ट्रीय यादव सेना के जिलाध्यक्ष रवि यादव, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, राष्ट्रीय यादव सेना के संजय यादव, युवा भाजपा नेता राष्ट्रीय यादव सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा यादव, पंसस प्रयाग यादव, भाजपा नेता प्रभु यादव, शिबू यादव, डीलो पासवान, पप्पू खान, किशोर यादव, बिरेन्द्र यादव, सहित हज़ारों लोग मौजूद थे।

## भीम आमह्न संगठन का किया जायेगा पुनर्गठन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड भीम आर्मी के संगठन के कोषाध्यक्ष लक्ष्मण राव ने बताया कि संगठन के कुछ साथी के द्वारा संगठन छोड़ने पर प्रखंड स्तर पर संगठन के कुछ पद रिक्त हैं। जिसे जल्दी ही पुनर्गठित कर पूरा किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कह की पार्टी छोड़कर गए पुर्व प्रखंड अध्यक्ष, मीडिया प्रभारी एवं सूचना प्रभारी को पार्टी के द्वारा पदमुक्ति के लिए पत्र जारी किया जा चुका है। वहीं उन्होंने संगठन के सभी कार्यकर्ताओं को से अपील किया की वर्तमान परिस्थिति में अनुमंडल में धारा 144 लागू है। इसके समाप्ति के पश्चात जल्द




की संगठन को पुनर्गठित किया जायेगा और नए तरीके से संगठन के मजबूती को लेकर कार्य किए जायेंगे। इस संबंध में संगठन के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार के द्वारा भी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए धैर्य बनाए रखने के बात कही है।

## निर्वाचन स्वीप कार्यक्रम के तहत पेंटिंग व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

### मतदान करना सभी संवैधानिक अधिकार – बीडीओ

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**

उच्च विद्यालय चंदवारा में निर्वाचन स्वीप कार्यक्रम के तहत निर्वाचन से विद्यालय के छात्र–छात्राओं के बीच पेंटिंग व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव मौजूद थे। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले छात्र–छात्राओं को



पुरुस्कृत किया गया। मौके पर बीडीओ संजय कुमार यादव ने कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। साथ ही साथ निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देश से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मतदान करना सभी संवैधानिक अधिकार है। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य राधेश्याम शुक्ला, शिक्षक दिलीप बरनवाल, अरूण रजक, विनेश कुमार उपस्थित थे।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## सतगावां में एएनएम व सहिया को दी गई एचआईवी एड्स का प्रशिक्षण




**अपेम लाइवः सतगावां**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां में झारखंड राज्य एड्स कंट्रोल सोसाइटी के तत्वाधान में ट्राई इंडिया संस्था के द्वारा मरकच्चो प्रखंड के एएनएम तथा सहिया दीदी के बीच बेसिक ऑफ एचआईवी एंड इलीमिनेशन ऑफ मदर टू चाइल्ड ट्रांसमिशन ऑफ एचआइवी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान ट्राई इंडिया संस्था के मास्टर ट्रेनर धीरज कुमार ने उपस्थित एएनएम तथा सहिया दीदी को एचआईवी एड्स से संबंधित विस्तृत जानकारी दिया। साथ ही उन्होंने एड्स से बचने तथा एड्स संक्रमित महिलाओं से होने वाले बच्चे को उनके खतरे से बचाने की तमाम जानकारी दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एड्स से बचने के लिए समाज में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना हम सबों की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर सहिया दीदी गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव कराने के लिए प्रेरित करने तथा एड्स संक्रमित महिलाओं की जांच कर एआरटी सेंटर में काउंसलिंग कराएं। उन्होंने बताया कि संक्रमित मां से उतपन्न बच्चे को एड्स से बचाया जा सकता है। मौके पर भारी संख्या में एएनएम व सहिया दीदी मौजूद थे।

## नेहरू युवा केंद्र के द्वारा स्वरोजगार कार्यक्रम का किया आयोजन

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मनैया में नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के तत्वधान से जिला युवा अधिकारी रूद्र शेखर के निर्देशानुसार एक दिवसीय आत्मनिर्भर भारत अभियान सचिन कुमार रविदास के नेतृत्व में आयोजन किया गया। कार्यक्रम के वक्ता स्वयंसेवक छोटेलाल सिंह प्रधानाध्यापक ब्रह्मदेव रजक ने युवाओं को आधुनिक भारत निर्माण के लिए कृषि में नवचार जैविक खेती आदि के माध्यम से स्व रोजगार कार्य शुरू करने एवं आय के नए स्रोत शुरू करने के लिए प्रेरित किया।मौके पर पिंटू यादव, सुजीत यादव ,धर्मेंद्र कुमार, विक्की पंडित, सूरज कुमार इत्यादि लोग शामिल थे।

## एकादश कार्यक्रम में जागरण का आयोजन, समाजसेवी संजय यादव हुए शामिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमधव पंचायत के धुरगडगी निवासी समाजसेवी सिकेंद्र यादव के माता स्व समफुलवा देवी के एकादश में जागरण का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन समाजसेवी संजय यादव ने किया। मौके पर स्थानीय मुखिया हरेंद्र गोप, भाजपा नेता नागेश्वर रजक, समाजसेवी उमेश गोप, सुधीर यादव, भीम यादव, सिकेन्द्र यादव, राजू यादव, सुरेश यादव, सुरेंद्र यादव एवं राजू यादव मौजूद थे।




## बच्चों के मिड डे मील पर लगा ग्रहण प्रखंड के 12008 बच्चों को नहीं मिल पा रहा है भोजन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड में कोविड–19 के कारण 22 महीने के स्कूल बंद रहा। स्कूल खुलने के बाद बच्चों के मिड डे मील पर ग्रहण लग गया है।प्रखंड के कुल 128 विद्यालयों में राशि एवं चावल के अभाव में मात्र 38 विद्यालय में मध्यान भोजन संचालित हो रही है। 128 विद्यालयों में कुल 15241 छात्र–छात्राएं मध्यान भोजन से लाभान्वित होना हैं। शुक्रवार को महज 38 विद्यालय में मध्यान भोजन संचालित से मात्र 3233 बच्चों को मध्यान्ह भोजन प्राप्त हुआ। वही 12008 बच्चे मध्यान भोजन से वंचित रह जा रहे हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार एक्सएनसी एवं सरस्वती वाहिनी माता समिति के बैंक खाते से बचत राशि वापस ले ली गई है। दोनों बैंक खाते को जीरो बैलेंस कर दिया गया है एवं कोरोना काल को ध्यान में रखते हुए चावल उठाव विद्यालय के सचिव के द्वारा किया जा रहा था। परंतु उक्त चावल को उच्च शिक्षा अधिकारियों आदेशानुसार बच्चों के बीच प्रतिदिन के हिसाब से वितरण कर दिया गया। जिससे विद्यालय में चावल का भी अभाव हो गया है। वही इस बाबत प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घनश्याम साहू ने कहा कि 7 फरवरी से निर्देश के आलोक में मध्यान भोजन चालू कराया गया।प्रखंड के दर्जनों विद्यालय की समितियां उधार के आधार पर मध्यान भोजन चालू कियाप्परंतु अधिकांश विद्यालय में चावल एवं उधार राशन व सब्जी प्राप्त नहीं होने के कारण कई विद्यालय में भोजन बंद होने की स्थिति में है। और अधिकांश विद्यालय में मध्यान भोजन बंद भी हो गया है।



दिनांकः 19-02-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 03

## मां पार्वती महिला विकास समिती अंदरो के खिलाफ राशनकार्डधरियो ने खोला मोर्चा



**अपेम लाइवः मुफ्फसिल/गिरीडीहः दयानंद तिवारी**

गिरिडीह जिला अंतर्गत मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के अंदरों में संचालित मां पार्वती महिला विकास समिति के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आज लगभग पचास राशन कार्डधारीयों ने डीलर के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। राशन कार्ड धारियों का कहना है कि मां पार्वती महिला विकास समिति अंदारो जिसका लाइसेंस नम्बर 12/11है ने कोरोना काल में अतिरिक्त अनाज का वितरण नही किया है। किरासन तेल भी नहीं वितरित करता है। प्रधानमंत्री खाद्यान योजना के तहत मिलने वाली मुफ्त की अनाज मांगने पर डीलर बोलता है कि ऊपर से ही नही आ रहा है तो हम कहां से दें। आज राशन कार्ड धारियों में डीलर के खिलाफ भारी आक्रोश देखा गया। आज डीलर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन मे बिजली देवी, चंपा देवी, लीलावती देवी, कुंती देवी, मंगरी देवी, अंबिका देवी चिंता देवी, राधा देवी, अजंती देवी, सरिता देवी,, त्रिभुवन साव, रामू साव, शूकर साव, बोधी साव, नंदलाल साव, अकलू साव, शंकर साव, तुलसी साव सहित कई अन्य मौजूद थे।

## बाल विवाह रोकथाम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला

**अपेम लाइव : विष्णुगढ मिथलेश गोल्डी**




बाल विवाह रोकथाम को लेकर आयोजित कार्यशाला में मौजूद लोग

बाल विवाह रोकथाम को लेकर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। दातव्य संस्थान गर्ल्स फस्ट फंड जेनेवा के सहयोग से स्वयंसेवी संस्था समाधान द्वारा आयोजित कार्यशाला में पुरूष अभिभावक एवं स्टेक होल्डरों के साथ बाल विवाह के कारक, दुष्परिणाम एवं इसके रोकथाम के उपायों को लेकर चर्चा की गई। कार्यकारी निदेशक हिल्डा पिन्टो ने कहा गया कि कई तरह के रोक के बावजूद आज भी बाल विवाह का प्रचलन हमारे समाज में है। इससे कई तरह के नुकसान हैं। कम उम्र में बच्चों का विवाह हो जाने से पति-पत्नी दोनों के मानसिक एवं शारीरिक स्थिति पर अत्यधिक बुरा प्रभाव पड़ता है। आर्थिक रूप से भी हानि होती है। दोनों से जन्म लेने वाले बच्चे भी प्रभावित होते हैं। कहा कि यह हमारे समाज के लिए घातक है। इसकी रोकथाम के लिए संविधान में कई तरह के कानूनी प्रावधान लागू किए गए हैं। वहीं, मौजूद लोगों ने समाज में अशिक्षा, दहेज प्रथा एवं छेड़खानी की बढ़ती घटनाएं इसके प्रमुख कारण बताए। कार्यशाला के तहत ग्रुप वर्क भी कराया गया। जिसमें बाल विवाह के कारण, लड़कियों के स्वामित्व को बढ़ाने में पुरूषों की भूमिका, बाल विवाह के दुष्परिणाम, बाल विवाह को रोकने में अभिभावकों की जिम्मेवारियां तथा बालिकाओं के अधिकार विषय पर लोगों ने अपनी राय दी। कार्यशाला को सफल बनाने में राहुल शीतल, रश्मिलता, नीतू कुमारी, जगदीश शर्मा समेत अन्य लोगों का अहम योगदान रहा।

## बड़ा बाजार यूथ विंग का हुआ गठन

### नर सेवा सामाजिक कार्य जनता की भलाई हमारी पहली प्राथमिकता होगीः विशाल खण्डेलवाल

**अपेम लाइव : हजारीबाग अमरजीत सिंह**



निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा एवं मानव सेवा हेतु बड़ा बाजार यूथ विंग का गठन हुआ। यूथ विंग के अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल, सचिव सह कोषाध्यक्ष अमर विनायका, उपाध्यक्ष नीतीश चंद्रा, गुंजन मद्धेशिया, संजय कुमार, रितेश खंडेलवाल,मीडिया प्रभारी विजय जैन को बनाया गया है। कार्यकारणी सदस्य अनिल पवार,आकाश सिन्हा,अमित सोनी, अतिशय जैन है। यूथ विंग के अध्यक्ष बने विशाल खंडेलवाल ने कहा नर सेवा, सामाजिक कार्य में, जनता की भलाई हमारे इस यूथ विंग की पहली प्राथमिकता होगी। आने वाले दिनों में पिंजरापोल सोसायटी की ओर से छप्पन भोग कार्यक्रम में भी हमारा योगदान रहेगा। जरूरतमंदों को मुक्त शिक्षण व मुफ्त चिकित्सा हम लोगों की तरफ से दी जाएगी।

## भगहर हत्याकांड मामले का उद्भेदन, दोनों आरोपी गिरफ्तार

### आरोपियों ने कबूला गुनाह, कहा भाई के मौत का लिया बदला

**अपेम लाइव : चौपारण किशोर राणा**



सरस्वती मूर्ति विसर्जन के बाद पत्थर से एक युवक की कूच कर हत्या मामले में पुलिस ने मामले का उद्भेदन दस दिनों के अंदर बड़ी सफलता हासिल की है। बतादें की इस सम्बंध में थाना काण्ड संख्या 36/2022 दिनांक 09/02/2022 धारा 302/34 भादवि के अन्तर्गत अज्ञात अभियुक्तों के विरुध काण्ड दर्ज किया गया था। जिसमें अनुसंधान के क्रम में गुप्तचर तैनात कर दिनांक- 18/02/2022 को प्रदीप भुईया पिता भुनेश्वर भुईया ग्राम भंडार व अनिल भुईया पिता ब्रह्मदेव भुईया ग्राम अम्बातरी दोनों को संदेह के आधार पर पुछताछ के लिए थाना लाया गया था। दोनों ने पुछताछ करने पर हत्या के गुनाह को कबूल कर लिया गया। छोटे भाई की हत्या का लिया बदला गुनाह कबूलते हुए बताया कि 23.01.22 को मुझे दूरभाष पर पता चला कि मेरा छोटा भाई प्रदीप भुईया का अचानक मृत्यु हो गया। मेरे घरवालों के द्वारा बताया गया कि उसे कोई बिमारी नहीं था। घर आने पर मेरे माता - पिता के द्वारा बताया गया कि रामविलास भुईया पिता स्व दोकाली भुईया डायन भूत करके मेरा छोटा भाई को मार दिया। फिर मैं मुम्बई से दिनांक- 28.01.22 को वापस घर आया। इसी बात का बदला लेने के लिये मैं मौका का तलाश कर रहा था की किस प्रकार रामबिलस भुईया को मारा जाय। और दिनांक 07/02/2022 को गांव में सरस्वती मूर्ति विसर्जनजुलूस में मैं और मेरे मामा प्रदीप भुईयाँ पिता- भुनेश्वर भुईयाँ ग्राम- भंडार थाना चौपारण जिला हजारीबाग एक साथ थे। जुलूस में रामबिलास भुइयां भी नाच रहा था। मूर्ति को पुरा गांव में घुमाने के बाद संध्या लगभग 06.00 बजे विसर्जन हेतु छाडर नदी के पास पहुंचे। उसी समय हमदोनों ने रामविलास भुईया को दारू पीने के बहाने से डाढर नदी के नजदीक रोक दिये और जुलूस में नहीं जाने दिये। जुलूस आगे निकल गया तो मैं और मेरे मामा मिलकर रामबिलास भुईया को पत्थर से कूचकर मार डाला। अंधेरा होने के कारण हम दोनो को कोई देख नहीं पाया और हमदोनो रामबिलास भुइयाँ को मारने के पश्चात परसातरी में चरितर भइयाँ के घर में देशी दारू पी कर अपने अपने घर चले गये।

## माली में फंसे हजारीबाग, गिरिडीह व बोकारो के सभी मजदूर घर लौटे

**अपेम लाइव : विष्णुगढ मिथलेश गोल्डी**




माली से चौथे जत्थे में पहुंचने वाले मजदूर

अफ्रीकी देश माली मे फंसे हजारीबाग, गिरिडीह व बोकारो जिले के सभी मजदूरों की वापसी हो गई। शनिवार को चौथे जत्थे में शेष दस मजदूर अपने घर लौट आए। इसके पूर्व तीन जत्थों में क्रमशः छह, सात तथा दस मजदूरों की वापसी बीते दो सप्ताह के भीतर हो चुकी है। लौटने वाले मजदूरों में विष्णुगढ़ प्रखंड के मड़मो निवासी मोहन महतो, नरकी के भेखलाल महतो, फाराचांच के हेमलाल महतो, उच्चाघाना के रूपलाल महतो, बंदखारो के टुकेश्वर महतो, बरकट्ठा प्रखंड के गोरहर निवासी सुकर महतो, चुरचू प्रखंड के बांदा निवासी मनोज महतो, बगोदर प्रखंड के ढ़िबरा निवासी टिकेश्वर महतो, परतापुर के कुंजलाल महतो तथा तिरला के शंकर महतो शामिल हैं। सभी मजदूर एयर एशिया की फ्लाइट से 12.45 बजे रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उतरे। फ्लाइट से उतरने पर सबने पहले वतन की माटी का तिलक लगा देश को नमन किया। वापसी के साकारात्मक प्रयास के लिए मुख्यमंत्री, भारत सरकार, विदेश मंत्रालय, सांसद अन्नपूर्णा देवी, जयंत सिन्हा, स्थानीय जनप्रतिनिधियों समेत मजदूरसेवी सिकंदर अली का आभार जताया। एयरपोर्ट पर मौजूद श्रम विभाग के अधिकारियों ने मजदूरों को पुष्प देकर स्वागत किया। इधर, मजदूरों के घरों में उत्सव सा माहौल देखा गया। घर में परिजनों से मिलकर खुशी की लहर दौड़ गई। सबने गले लगाकर स्वागत किया। परिजनों ने खुशी में गांव में मिठाइयां भी बांटी। मजदूरों का कहना है कि अब अपने गांव घर में मजदूरी कर लेंगे, लेकिन दलाल व बिचौलिए के झांसे में अधिक पैसा कमाने के लोभ में नहीं फंसेंगे। बता दें कि तीन जिलों के 33 मजदूरों को एक बिचौलिया चार सौ ड०लर प्रतिमाह की बात कहकर माली में ट्रांसमिशन लाइन में काम कराने ले गया था। वहां आठ माह काम के बाद सभी का अगले साढ़े तीन माह का वेतन रोक दिया गया। वेतन के अभाव में मजदूर दाने-दाने को मोहताज हो गए तो सोशल मीडिया के जरिए अपनी पीड़ा को बयां किया। जिस पर मुख्यमंत्री समेत अन्य नेताओं ने इस पर भारत सरकार को पहल करने का अनुरोध किया। माली स्थित भारतीय दूतावास की मध्यस्थता में नियोक्ता कंपनी से समझौता कराकर सभी की वापसी संभव हो पाई।

## दलित युवक को फोन पर गोली मारने की धमकी, ऑडियो वायरल

**अपेम लाइव : चौपारण किशोर राणा**

बरवाडीह निवासी अजीत रजक ने बसरिया निवासी कृष्णा कसेरा पर फोन पर गाली गलौज करने, गोली से मारने व जातिसूचक शब्द कहने का आरोप लगाते हुए चौपारण थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया। इस पूरे मामले का एक अ०डियो वाइरल हो रहा है जिसमे स्पस्ट रूप से पीड़ित अनुज को फोन पर गोली मारने की धमकी दिया जा रहा । चौपारण थाना में दिए आवेदन में अजीत ने बताया कि बसरिया में मेरा सीमेंट का खुदरा दुकान है। 18 फरवरी को सुबह अपने किसी ग्राहक को चौपारण स्थित सिमेन्ट डीलर मॉ भावानी ट्रेडर्स से सीमेंट मंगवा कर दे रहा था। इस बिच अचानक कृष्णा कशेरा पिता स्व गोवर्धन कशेरा बसरिया का ही रहने वाला आकर एका एक जाति सुचक शब्द सम्बोधित करते हुवे गाली-गल०ज कर मार-पीट करने लगा तथा काउन्टर में लात मारते हुवे काउन्टर से 50,000/-रु0 पचास हजार रुपया निकाल लिया और यह धमकी भी दिये कि शाला तुमको इतना गोली मारेगें कि कोई गिन नहीं सकेगा। जिसका रिकॉर्डिंग मोबाईल है। पीडीत ने बताया कि इस दौरान कृष्णा कसेरा ने कई बार जातिसूचक शब्द कहकर गाली गलौज किया। पीड़ित ने पुलिस प्रसाशन से न्याय की गुहार लगाते हुए दोषियो पर कार्यवाई करने का माँग किया। व्यावसायिक मामला है, गुस्से में कहासुनी हुवा है रु कृष्णा कस इस संदर्भ में पूछे जाने पर कृष्णा कसेरा ने कहा कि उक्त मामला व्यावसायिक लेनदेन का है। गुस्सा में कहासुनी हुवा है और हमलोग आपस मे मिल बैठकर मामले का निपटारा कर ले रहे है। आवेदन मिला है, जांचोपरांत होगा कार्यवाई रु थाना प्र इस संदर्भ में पूछे जाने पर चौपारण थाना प्रभारी स्वपन कुमार महतो ने बताया कि पीडीत द्वारा आवेदन चौपारण थाना में दिया गया है। मामले का जांचोपरांत होगा कानूनी कार्यवाई।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## राजस्व कर्मचारी पर रिश्वत लेकर काम नही करने का लगाया गंभीर आरोप

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह अंचल के निवासी प्रदीप रजक खावा पंचायत के रानीडीह रजक टोला ने राजस्व कर्मचारी अनंत कुमार सिन्हा पर खतियान अ०नलाइन करने के नाम पर साढ़े चार हजार रुपए लेकर पांच महीनों से टाल मटोल करने का गंभीर आरोप लगाया है। प्रदीप रजक ने बताया कि दो हजार इक्कीस की अगहन महीने में अपना खतियान ऑनलाइन करने के लिए राजस्व कर्मचारी अनंत कुमार सिन्हा से संपर्क किया इसके एवज में उससे खर्च के नाम पर रुपए का मांग किया गया। प्रदीप रजक दिहाडी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। ब्याज पर ऋण लेकर साढ़े चार हजार रुपए राजस्व कर्मचारी को दीया मगर आज पांच महीना बीत गया लेकिन उसका खतियान ऑनलाइन नही किया गया है। प्रदीप रजक ने बताया किउनका खतियान अ०नलाइन करवाना था खाता नम्बर 69प्लॉट नंबर 51, 5253जो उनके दादा टेको धोबी के नाम जामबंदी कायम है जिसे गलती से धीरेंद्र मिश्र पिता गिरिजा मिश्रा ने गलती से अपने नाम से ऑनलाइन करवा लिया था। जानकारी मिली तो प्रदीप रजक ने कंप्लेन किया तो धीरेंद्र मिश्र ने लिखित रूप में जानकारी विभाग को उपलब्ध कराया की गलती से मेरे नाम पर ऑनलाइन हो गया था जो बिल्कुल गलत था। धीरेंद्र मिश्र ने लिखित आवेदन संबंधित विभाग को सूचित किया नगर आज तक विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा प्रदीप रजक के नाम से खतियान अ०नलाइन नही किया गया है। प्रदीप रजक थक हार कर भाकपा माले नेता मनोज यादव के पास फरियाद लेकर पंहुचा तो मनोज यादव ने अंचल कार्यालय में जाकर मामले की जानकारी लेनी चाही तो अंचल कार्यालय में कोई भी कर्मचारी से संपर्क नही हो पाया। मनोज यादव ने कहा कि प्रदीप रजक का खतियान ऑनलाइन नही हुआ तो चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेंगे।

## नक्सली के नाम पर लेवी मांगने और मारपीट करने वाले अपराधी चढा पुलिस के हत्थे

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला में बीते 11 जनवरी को तीसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत खटपोक में बंद रहे स्वास्थ्य केंद्र में काम कर रहे मजदूरों के साथ मारपीट करने वाले और ठेकेदार से 15ः रंगदारी मांगने वाले मुख्य आरोपी समेत इसमें संलिप्त अपराधियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसकी जानकारी शनिवार को जिले के पुलिस अधीक्षक अमित रेनू ने पपरवाटांड स्थिति पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर दी। एसपी ने बताया कि तीसरी थाना क्षेत्र के खटपोक में इन दिनों स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कराया जा रहा है। 11 जनवरी को शाम के समय निर्माणाधीन भवन में काम कर रहे मजदूरों के साथ उपेन्द्र कुमार यादव,पंकज यादव, कमलेश यादव नामक अपराधियों द्वारा मारपीट घटना का अंजाम दिया गया था। साथ ही ठेकेदार चुन्नू सिंह से 15ः रंगदारी मांगने की घटना की गई थी। इस संबंध में तीसरी थाना में आवेदन दर्ज किया गया था। जिसके बाद कांड के उद्भेदन को लेकर एक टीम गठित किया गया। टीम के द्वारा मानवीय एवं तकनीकी सहयोग से त्वरित कार्रवाई करते हुए 31 जनवरी को कांड में संलिप्त खटपोक गांव के ही निवासी उपेंद्र यादव पिता सुखदेव यादव को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद पुलिस द्वारा उपेंद्र यादव से गहनता से पूछताछ करने पर उस कांड में संलिप्त अन्य साथियों में पंकज यादव और कमलेश यादव की संलिप्तता की बात को बताया। जिसके बाद पुलिस द्वारा उन दोनों को पुलिस द्वारा शुक्रवार को तीसरी एवं लोकायनपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले मास्ट. रमाइंड जमुई बिहार के पंकज यादव है। जानकारी दी गई घटना की मास्टरमाइंड कई प्राथमिकी अभियुक्त है। और नक्सलियों के साथ काम करता है। इसके अलावा बताया गया कि पंकज यादव के पिता दरोगी यादव एक कुख्यात नक्सली है। जिसके विरुद्ध कई घटना का केस दर्ज है। जिसे फिलहाल जमुई जेल में बंद रखा गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराधी पंकज यादव जमुई, नवादा और गिरिडीह जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं से चल रहे पुल पुलिया एवं भवन निर्माण बनाने वाले ठेकेदारों को धमकी देकर लेवी वसूली का काम करता है। मौके पर डीएसपी समेत थाना प्रभारी प्रभारी और जवान उपस्थित थे।

## बिरनी : बराय गांव में वन विभाग के अधिकारी ने वन विभाग के जमीन पर बन रहे पीएम आवास को तोड़ा।

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड क्षेत्र के केशोडीह पंचायत बराय गांव में वन विभाग के अधिकारी रेंजर एस के रवि के नेतृत्व में वन विभाग के अधकारियों ने करवाई करते हुवे वन विभाग के जमीन पर बन रहे पीएम आवास को तोड़ा व उसके आसपास के सभी चार दिवारी को भी तोड़ दिया मौके पर वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि वन विभाग के जमीन पर कोई भी ब्यक्ति अवैध कब्जा नही कर सकता है सूचना मिलने के बाद उसपर कार्यवाई की जायेगी वहीँ बिरनी थाना प्रभारी शर्मानन्द सिंह ने भी इस घटना स्थल का जायजा लिया वही मुखिया प्रतिनिधि रणधीर मण्डल।ने बताया कि मुझे जानकारी नही थी कि पीएम आवास स्थल वन भूमि का जमीन है ।इस अवसर पर मुख्य रूप से विभाग के रेंजर एस के रवि प्रभारी वनपाल मनीष कुमार हरिशंकर वर्मा सागर कुमार स्वेता कुमारी मेघा कुमारी एंथोनी मुमित कुमार सिंह संजीत मिश्रा सूरज चौधरी रमेश टुडू दीपक कुमार दास समेत कई महिला पुरुष गार्ड उपस्थित थे।

## अतिरिक्त प्रभार के भरोसे चल रहा प्रखंड, अंचल और समुदायिक स्वास्थ केंद, परेशान है ग्रामीण

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



श्रीराम यादव, सांसद प्रतिनिधि, गावां



राजकुमार यादव, पूर्व विधायक



अजय सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष गावां

गांवा प्रखंड के सभी मुख्यालय इन दिनों अतिरिक्त प्रभार के भरोसे चल रहा है जिसका खामियाजा यहां के जनता को भुगतना पड़ रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी मधु कुमारी के ट्रांसफर के बाद से अब तक यहां स्थायी बीडीओ की पदस्थापन नहीं की गई है। उनके ट्रांसफर के बाद क्रमशः रामगोपाल पाण्डेय, संतोष प्रजापति और पुनः एक बार खोरीमहुआ दंडा. धिकारी दीपक प्रसाद को प्रखण्ड विकास पदाधिक. ारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है जिसकी दूरी लगभग 20 किलोमीटर है। अब देखना ये है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी गांवा में कितना समय दे पाते ह ै । वही अंचल कार्यालय भी अतिरिक्त प्रभार पर चल रहा है। लगभग डेढ़ साल पूर्व अरुण कुमार खलखो के जाने के बाद से अंचलाधिकारी का पद भी अतिरिक्त प्रभार पर चल रहा है। अधिसूचना के आधार पर बताया जा रहा है कि दंडाधिकारी डुमरी को अतिरिक्त प्रभार पर अंचलाधिकारी गांवां नियुक्त किया गया है जिसकी दूरी भी लगभग 70 किलोमीटर है जिससे अनुमान लगया जा सकता है अंचलाधिकारी महोदय की उपस्थिति किस तरह हो सकती है। बाल विकास कार्यालय भी अतिरिक्त प्रभार पर चलने से बहुत सारे समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थाई सीडीपीओ नहीं रहने से ग्रामीणों को बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि प्रभारी सीडीपीओ भी किसी वजह से कई माह से गायब है जिससे तमाम आंगनबाड़ी केंद्र मनमाने ढंग से कार्य कर रही है और सेविकाओं को भी बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी अतिरिक्त प्रभार पर है ही है।

इन पदों पर अतिरिक्त है प्रभाररू

प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड खाद्य पूर्ति अधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, बाल विकास पदाधिकारी एवं पशुपालन विभाग

**क्या कहते है जनप्रतिनिधिः**

सांसद प्रतिनिधि श्री राम यादव ने बताया कि यह गांवा के जनता के लिए दुर्भाग्य की बात है की हमारे क्षेत्र में लगभग डेढ़ वर्षो से सारे के सारे पद प्रभार पर चल रहे हैं जिस पर सरकार की नजर नहीं है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि गांवा में जल्द से जल्द स्थाई बीडियो और सीओ का नियुक्ति करें। पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने बताया कि मैंने और भाकपा माले की टीम ने लगभग 6 दिनों तक दिनों तक गांवा प्रखंड मुख्यालय में धरना देकर स्थाई बीडियो सीओ का मांग किया था जिस पर मुझे आश्वासन तो मिला पर सरकार के द्वारा स्थाई बीडियो सीओ नहीं देने से यह प्रतीत होता है कि स्थानीय सरकार क्षेत्र का विकास नहीं चाहती है। यहां के स्थानीय विधायक सांसद ने कभी नजर क्षेत्र की समस्याओं पर नहीं है पर भाकपा माले चुप बैठने वाला नही है। अगर जल्द स्थाई बीडीओ सीओ नही मिलेगा तो जल्द आन्दोलन किया जाएगा और मुख्यमंत्री को भी आवेदन देकर सूचित करने का काम करेंगे। 20 सूत्री अध्यक्ष सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि हमने कई बार जिलाध्यक्ष एवं गिरिडीह विधायक सुदीव्य कुमार सोनू से स्थानीय बीडीओ और सीओ का मांग किया एवं पूर्व प्रभारी बीडियो के रवैये से अवगत कराया जिसके बाद बीडियो और सीओ का तबादला कर नए बीडियो सीओ को भेजा गया है और आश्वासन मिला है कि जल्द ही स्थाई बीडीओ और सीओ प्रखंड व अंचल को मिलेगा।

## सुदूरवर्ती गांवों में किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**

कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गावां प्रखण्ड अंतर्गत पसनौर पंचायत के सुदूरवर्ती बाल मित्र ग्राम बल्थरवा और जमडार पंचायत के बाल मित्र ग्राम कारीपहरी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। दोनों हेल्थ शिविर में कुल 189 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें बीमारी के अनुरुप दवाईयां भी दी गई। दोनों गांवों में कुल 59 लोगों की रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच भी की गई। हेल्थ कैम्प के दौरान उपस्थित हेल्थ कर्मियों ने ग्रामीणों से कहा कि आप लोग पानी को उबालकर पीने की आदत डालें, बच्चों को नंगे पांव घर से बाहर न निकलने दें। सप्ताह में कम से कम दो दिन हरी सब्जियों का उपयोग करें। बल्थरवा युवा मंडल अध्यक्ष रमेश हांसदा ने बताया कि जब से बाल मित्र ग्राम का कार्यक्रम मेरे गांव में शुरू हुआ है तब से बल्थरवा को एक नई पहचान मिली है। सारे बच्चे अब नियमित स्कूल जा रहे हैं। बाल विवाह, बाल व्यापार एवं बाल मजदूरी के खिलाफ़ लोगों में जागरूकता बढ़ी है। हेल्थ कैम्प से हमारे गांव के लोगों को लाभ हुआ है, 84 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ का फायदा उठाया। स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी नेहा हेरेन,स्वास्थ्य कर्मी प्रियंका मराण्डी, मधु कुमारी, दीपक कुमार, मो.जलील अंसारी, सुनील कुमार पांडेय, सूरज कुमार पांडेय, देवीलाल सोरेन , रमेश हांसदा, अमृता टुडू, सुखदेव मराण्डी, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के बाल अधिकार कार्यकर्ता उदय राय, मो.आरिफ़ अंसारी,अमित कुमार, सुरेन्द्र सिंह, कृष्णा पा. सवान, विरेंद्र यादव, सुर. ेन्द्र कुमार त्रिपाठी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

APEM LIVE

# RAINBOW SCHOOL BARHI


Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

UID NO. 20040117202

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)

## ADMISSION OPEN NOW




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

## SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

––– डायरेक्टर (सिकंदर प्र० कुशवाहा) की कलम से



8809224003

# Keshri Electronic

Patna Road, Barhi

Email ID :- kp_keshri@yahoo.co.in

PAN No. :- BRRPA7461G

Owner - Priyanka

बरही में पहली बार

मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों एवं फर्नीचर पर फाइनांस की सुविधा।

*0% ब्याज EMI

BAJAJ FINSERV






# Mahindra

INSURANCE BROKERS

(Mahindra Group Company)



SAJHEDAARI

vikas mein bhagedari



Point of Sales Person (POSP)

POSP Code: P0007934

Mr. Krishna Prajapati

यहाँ पर सभी गाड़ियो का Motor Insurance Two Wheelers, Private Car, Commercial Vehicles (Auto Rickshaw, Truck, Bus, Tractor) किया जाता है।

LIC Micro Insurance & Health Insurance Available

Add: AT- NEW RAILWAY COLONY GAYA ROAD BARHI 825405

MO:- 7004315535,9122983300

Our Partners

ICICI Lombard General Insurance | TATA AIG Insurance | Liberty General Insurance | HDFC ERGO | Future Generali Total Insurance Solutions | digit | care Health Insurance | Royal Sundaram General Insurance | Oriental Insurance | New India Assurance | Chola MS General Insurance

सुविधा उपलब्धः–NEW, EXPIRED & RENEWAL Policy